रेलवे के जन संवाद में यात्री सुविधा बढ़ाने पर बल

पटना सिटी (आससे)। पटना साहिब स्टेशन पर गुरुवार को पूर्व मध्य रेलवे की ओर से जनसंवाद का



आयोजन किया गया।. जनसंवाद में उपस्थित पूर्व मध्य रेलवे के वाणिज्य मुख्य महाप्रबंधक अमिताभ प्रभाकर व दानापुर रेलड मंडल के वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार के समक्ष यात्रियों व दैनिक यात्री संघ ने स्टेशन यात्री सुविधा बढ़ाने और ट्रेनों के ठहराव देने की मांग रखी। इस संबंध में दैनिक यात्री संघ के डॉ विनोद अवस्थी,मुन्ना गुप्ता,बुद्धू साव समेत अन्य ने स्टेशन के बाहर पार्किंक की व्यवस्था कराने,स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो का शेड बढ़ाने और यात्री सुविधा उक्त प्लेटफार्म पर मुहैया कराने व श्री तख्त हरिमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन प्रबंधक हरजीत सिंह ने सौंपा.। इसमें जनवरी में आयोजित होने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व पर संगतों को सुविधा देने की मांग रखी.। जन संवाद में स्टेशन प्रबंधक उपेंद्र कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर अवनीश कुमार जीआरपी इंस्पेक्टर व नितिन व्यास रेलवे के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे. इससे पहले स्टेशन पहुंचे अधिकारियों ने स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्था को देखा. इसके उपरांत जन संवाद में लोगों की बातों को सुना।

पाबंदी के बाद भी शोभायात्रा में शामिल हुए डीजे व बिकी शराब

पटना सिटी (आससे)। अनुमंडल प्रशासन की ओर से आयोजित शांति समिति व पूजा



समिति की बैठक में अनुमंडलाधिकारी कशिश बक्शी ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि किसी भी हालत में दशहरा के मौके पर शराब कि बिक्री व शोभायात्रा में डीजे शामिल नहीं होंगे लेकिन यह दावे खोखले साबित हुए। बताया जाता है कि खुलेआम प्रतिमा विसर्जन केदौरान शोभायात्रा में डीजे शामिल हुए और जगह -जगह शराब की बिक्री खुलेआम हुआ। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने कहा कि खुलेआम शराब की बिक्री होने से कोई जगहों पर हंगामा, मारपीट की घटना घटी, साथ ही हर शोभायात्रा में शराब पीकर चलने वाला डीजे के साथ फिल्मी थीरकते नजर आये।

गायघाट में क्रेन दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बची महिला और मासूम

पटना सिटी (आससे)। दुर्गा पूजा 2026 के अवसर पर राजधानी पटना व पटना सिटी में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन 22 अक्टूबर को विसर्जन गंगा घाट गाय घाट पर सिंगला कंपनी का एक क्रेन दुर्घटना ग्रस्त हो गयी । इस दरम्यान घाट पर तैनात सिविल डिफेंस के चौकस एवं सजग वार्डन एवं वॉलिंटियरों ने 5 पांच महिलाओं व एक मासूम बच्चे की जान बचायी, इसका नेतृत्व सिविल डिफेंस के ऑफिसर कमांडिंग सह चीफ वार्डेन विजय कुमार सिंह एलिस श्याम नाथ सिंह ने किया।दुर्घटना की शिकार होने से बची महिला गुड़िया देवी व उसकी साथी महिलाएं पटना जिले के गौरीचक थाना के अवस्थीचक गांव की रहने वाली बताई जाती है। सिविल डिफेंस के वार्डन एवं वॉलिंटियर अगर मुस्तैद नहीं होते तो गुड़िया देवी का 4ऱ30 वर्ष का बच्चा शिवांशु उर्फ राजकुमार क्रेन के डंपर



से कुचलकर मौत का शिकार हो जाता है। गुड़िया ने सिविल डिफेंस के वार्डन और वालंटियर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। महिला व बच्चों के जान बचाने के कार्य में श्री श्याम के अलावा डिप्टी ग्रुप लीडर कुंदन कुमार, राहुल रंजन, मुस्कान कुमारी, रोहन रंजन, अजितेश कुमार सिंहा, सीनियर वार्डन अरुण कुमार, ज्ञानती कुमारी, सिया शरण कुमार और अमन कुमार इत्यादि शामिल रहे।

मानवता की सेवा ही धर्म है : राज्यपाल

पटना सिटी (आससे)। शहीद भगत सिंह चौक पर मारवाड़ी सेवा समिति की ओर से पांच दिवसीय



दशहरा सेवा शिविर का आयोजन किया गया।. शिविर में उपस्थित नागलैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव ने कहा कि मानवता की सेवा ही धर्म की संज्ञा दी। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा की जबकि मंच संचालन सचिव राजकुमार गोयनका ने किया। शिविर में विधायक रतनेश कुमार,डॉ शशि भूषण प्रसाद,पूर्व उपमहापौर संतोष मेहता,शशि शेखर रस्तोगी,राजू सुल्तानिया, डीएसपी अशोक पांडे व शिव शंकर कुमार,आशीष सिन्हा,बल समेत अन्य शामिल हुए।

दशहरा मेले में युवक की हत्या में पुलिस ने आरोपितों को किया चिह्नित

पटना सिटी (आससे)। खाजेकला थाना के गुजरी बाजार सेल टैक्स ऑफिस के समीप दशहरा मेला की भीड़ के बीच बुधवार की रात मोगलपुरा टिकिया टोली मुहल्ला निवासी नागेंद्र ठाकुर के 22 वर्षीय कुंदन कुमार को चाकू मार हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपितों को चिह्नित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस संबंध में डीएसपी द्वितीय शिव शंकर कुमार ने बताया कि हत्याकांड के उदभेदन के लिए उनके नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया है. जो घटना को अंजाम देने वालों की पहचान कर कार्रवाई कर रही है।. डीएसपी के अनुसार मेहंदीगंज थाना के रसूलपुर स्थित पूजा समिति के विसर्जन शोभायात्रा के दौरान घटना हुआ था. घटना के बाद पूजा समिति के लोग प्रतिमा को छोड़ फरार हो गये थे।. प्रतिमा का विसर्जन प्रशासन की ओर से करायी गयी।. बताते चले कि गाजा बजाने को



लेकर हुए विवाद में कुंदन पर तीन चार की संख्या में अपराधियों ने सेल्स टैक्स आफिस के सामने गली ताबडतोड चाकू से चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में प्रहार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। इसके बाद वहां से गली के रास्ते से फरार हो गये। इस संबंध में. नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलजा ने बताया कि घटना चाकू से हुई है फिर गोली मारी गयी है और घटना के कारणों की पुलिस जांच कर रही है.।

मजलिस ए अय्याम फ़ातमिया में तकरीर व सीनाजनी

पटना सिटी (आससे)। गुलामाने शहज़ादी-ए-कौनैन की ओर से मोगलपुरा छोटी बाजार स्थित इमामिया मसजिद इमामबाड़ा में आयोजित चार दिनों की मजलिस ए अय्याम फ़ातमिया के जीवन दर्शन पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ से आये मौलाना सैयद मो हसनैन बाक़री की तकरीर की.। कमेटी के महासचिव सैयद अनीस हसन ने बताया कि सात वर्षो से हो रहे आयोजन में तकरीर के उपरांत नौहाखानी व सीनाजनी जायरीनों ने की.

प्रशासनिक सुरक्षा के बीच देवी प्रतिमाओं का होता रहा विसर्जन

पटना सिटी (आससे)। प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच देवी प्रतिमाओं का विसर्जन लगातार तीन दिनों से गुरुवार को भी देर रात तक भद्र घाट, गायघाट व लॉ कॉलेज घाट पर देर रात तक प्रतिमा का विसर्जन चलता रहा, प्रतिमा विसर्जन के लिए अनुमंडल प्रशासन ने विसर्जन स्थल भद्र घाट व गायघाट पर अस्थायी थाना खोला था,जहां पर तैनात दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी के साथ नगर पुलिस अधीक्षक शैलजा,एसडीओ कशिश बक्शी,एएसपी राजकिशोर सिंह ,डीएसपी शिव शंकर कुमार डीसीएलआर अभिलाषा कुमारी वरीय उप समाहर्ता के साथ प्रशासन व पुलिस के आलाधिकारी, अर्ध सैनिक बल के जवान देर रात तक डटे थे।

नीतीश कुमार ने जवाहर लाल रजक को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पटना (आससे)। जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को कदमकुआं स्थित पूर्वी लोहानीपुर में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह विधायक श्याम रजक के अग्रज स्व.जवाहर लाल रजक के श्राद्धकर्म में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर नीतीश कुमार ने दिवंगत आत्मा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। साथ ही, उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें सांत्वना दी।

उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को चिरशांति प्रदान करते हुए अपने श्रीचरणों में स्थान दें और इस अपार दु:ख की घड़ी में शोक-संतप्त परिवार को धैर्य व संबल प्रदान करें।



इस मौके पर बिहार विधानपरिषद में सत्तारुढ़ दल के उपनेता सह विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ भी उपस्थित रहे।

दीपावली-छठ पर 25 अक्टूबर से चलेगा स्वच्छता संकल्प अभियान

(आज समाचार सेवा)

पटना। दीपावली और छठ महापर्व के मद्देनजर पटना नगर निगम 25 अक्टूबर से 10 नवंबर तक विशेष स्वच्छता अभियान स्वच्छता संकल्प चलाएगा। इसके तहत शहर के सभी वार्डों में कचरा उठाव, सड़कों और नालों की सफाई तथा सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जाएगा। त्योहारों के दौरान कचरे की बढ़ती मात्रा को देखते हुए निगम ने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने की तैयारी की है। अभियान के तहत निजी खाली भूखंडों, ट्रांसफॉर्मर के आसपास, सड़क किनारे और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कचरा जमा होने वाले स्थानों को चिह्नित कर उनकी विशेष सफाई कराई जाएगी। सफाई के बाद इन स्थानों पर दोबारा कचरा जमा न हो इसके लिए भी निगरानी की जाएगी। नगर निगम अनधिकृत रूप से कचरा फेंकने वाले घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों की पहचान करेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। बार बार कचरा फेंकने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार सील करने सहित अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है। अभियान के दौरान कचरे के उठाव और परिवहन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सभी कचरा परिवहन वाहनों को प्रतिदिन तीन ट्रिप करना अनिवार्य होगा। निर्धारित ट्रिप पूरा नहीं करने वाले वाहनों की निगरानी की जाएगी और संबंधित प्रावधानों के तहत भुगतान में कटौती की जाएगी। शहर के चिह्नित येलो स्पॉट और रेड स्पॉट की विशेष सफाई के साथ नियमित धुलाई भी कराई जाएगी। सभी ओवरब्रिज के ऊपर और नीचे प्रतिदिन धुलाई कराने की योजना है ताकि प्रमुख सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनी रहे। नगर निगम ने शहरवासियों, दुकानदारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अभियान में सहयोग करने की अपील की है। नागरिकों से कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालने, खुले में कचरा फेंकने से बचने, सड़क किनारे निर्माण सामग्री नहीं रखने और प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने का अनुरोध किया गया है। निगम का लक्ष्य त्योहारों के दौरान शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना और सार्वजनिक स्थलों को साफ सुथरा रखना है। इसके लिए सफाई कर्मियों के साथ आम नागरिकों की भागीदारी को भी महत्वपूर्ण बताया गया है।

घाटों पर रहे सिविल डिफेंस के वार्डेन

पटना सिटी (आससे)। दुर्गापूजा के विजयादशमी के दिन विभिन्न गंगा घाटों पर सिविल डिफेंस के वार्डेन तैनात रहे साथ ही भीड प्रबंधन व विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन का सहयोग किया।अनुमंडल प्रशासन के साथ भ्रदघाट,गायघाट, लॉ कालेज घाट, कंगनघाट और किला घाटों पर वार्डेन तैनात रहे।भीड नियंत्रण में प्रशासन का सहयोग किया। इस मौके पर।भद्रघाट व अन्य घाटों पर सिविल डिफेंस के वार्डेन में गणेश कुमार, संतोष कुमार, मयंक शेखर, मनोहर सिंह,हरिओम कुशवाहा,प्रकाश कुमार,सुदय रंजन शर्मा,द्वारिका प्रसाद,आलोक कुमार,राहुल कुमार,ज्योति कुमारी,मोनी कुमारी व रोहित रंजन समेत अन्य वार्डेन को तैनात रहे।

संयुक्त राष्ट्र में सांसद अरुण भारती ने रखा भारत का पक्ष

(आज समाचार सेवा)

पटना। जमुई के सांसद अरुण भारती ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में शांति निर्माण आयोग और अफ्रीकी संघ शांति एवं सुरक्षा परिषद की नौवीं वार्षिक परामर्श बैठक में भारत का आधिकारिक वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने शांति स्थापना में राष्ट्रीय स्वामित्व, समावेशी विकास और सामाजिक न्याय को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शांति निर्माण से जुड़े प्रयास संबंधित देश की प्राथमिकताओं और सहमति के अनुरूप होने चाहिए। महिलाओं और युवाओं की भागीदारी के साथ डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को भी उन्होंने स्थायी शांति के लिए उपयोगी बताया। आधार, यूपीआई और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण जैसी भारतीय व्यवस्थाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने पारदर्शी सेवा वितरण पर जोर दिया। अरुण भारती ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से प्रेरित है। उन्होंने विश्व मंच पर भारत का पक्ष रखने का अवसर मिलने पर गर्व जताया।

सम्राट अशोक सेवा समिति ने एसडीओ को किया सम्मानित

पटना सिटी (आससे)। आलमगंज थाना के निकट विजयादशमी में दो दिवसीय स्वास्थ्य



सेवा शिविर एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मंच का उदघाटन पटना सिटी अनुमण्डल के एसडीओ कशिश बख्शी ने किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने एसडीओ को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्राट अशोक सेवा समिति की ओर सभी विर्सजन शोभायात्रा पूजा समितियों को प्रतीक चिन्ह व शिल्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समिति के सचिव मुकेश कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष बाबू भाई, मिडिया प्रभारी गणेश कुमार,उपाध्यक्ष मुन्ना सरकार, मो शाहिद अंसारी, अंजित कुमार शर्मा एवं सदस्य दीपसागार, रोहित घोष, साहिल शर्मा,सत्यनारायण प्रसाद समेत अन्य शामिल थे।

हॉकर संघ का 31वां दो दिवसीय शिविर संपन्न

पटना सिटी (आससे). पुरानी सिटी कोर्ट के सामने बल्लभ कंपलेक्स में पत्र पत्रिका जागरुक हौकर संघ व



शैलपुत्री कन्या विवाह योजना की ओर से 31वां दो दिवसीय दुर्गा पूजा शिविर संपन्न हो गयी। शिविर में 25 बिछड़े बच्चों को उनके परिजनों से मिलने व 150 लोगों के बीच मुख्य दवा वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन अधीक्षक (दो) एसपी राज किशोर सिंह, मुख्य संरक्षक राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव , पूर्व डीएसपी विजय यादव ,कमलनयन श्रीवास्तव , रोटरी क्लब अध्यक्ष पंकज किशोर सिंह , अमित सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करके की। इस मौके पर जगन्नाथ चंद्रवंशी, मनोज कुमार गुप्ता ,राजेश राज, कृष्ण ठाकुर, उपेंद्र यादव ,पवन कुमार , डॉ रवि रंजन ने करते हुए शैलपुत्री सदस्यों ने योगदान पर प्रकाश डाला ।पत्र पत्रिका हौकर संघ शैलपुत्री कन्या विवाह योजना के सभी सदस्यों ने 48 घंटा शिविर में सेवा देकर प्रसाद बांटने का काम किया । इस मौके पर शिविर की अध्यक्षता मनोज कुमार शाह व मंच संचालन कृष्ण कन्हैया जी ने किया ।शिविर को सफल बनाने में रामनारायण चंद्रवंशी बजरंगी प्रसाद विजय कुमार बबलू सिंह, दीपक पांडे, मोहम्मद जमाल, संजय महतो, रमेश चंद्रवंशी, अरविंद वर्मा, सोनू बरनवाल, पशुपति, रंजन खत्री ,शत्रुघ्न , विष्णु देव , राकेश ठाकुर, रविंद्र समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

राजकीय दंत महाविद्यालय
पैठना, रहुई, नालंदा
बिहार सरकार

पुस्तक एवं जर्नल क्रय हेतु निविदा का प्रारूप

राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के केन्द्रीय पुस्तकालय / विभिन्न विभागीय पुस्तकालय हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के लिये मेडिकल के अद्यतन संस्करण के पुस्तक / जर्नल की आपूर्ति हेतु दैनिक समाचार पत्र में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिनों के अंदर निम्नलिखित बिंदुओं पर ब्यौरा देते हुए The Federation of Publishers and Booksellers Association of India(FPBAI) मापदंड के शर्तों को पूरा करने वाले पुस्तक /जर्नल विक्रेता से निविदा मोहरबंद लिफ़ाफ़े में स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक द्वारा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। निविदा की प्राप्ति अंतिम तिथि को रविवार अथवा राजपत्रित अवकाश होने पर दूसरे दिन शाम 5:00 बजे तक होगी। निविदा की नियम एवं शर्तें तथा पुस्तकों एवं जर्नलों की सूची राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के कार्यालय से पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है अथवा कॉलेज के वेबसाईट https//gdschnalanda.ac.in डाउनलोड किया जा सकता है।

1. पुस्तक एवं जर्नल हेतु निविदादाता को एक ही निविदा देनी होगी।
2. पुस्तक एवं जर्नल हेतु निविदा दो लिफाफा पद्धति के माध्यम से देय होगी। निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मोहरबंद लिफाफा में भेजना होगा। (तकनीकी लिफ़ाफ़े के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय लिफ़ाफ़े के ऊपर वित्तीय निविदा लिखा होना चाहिए।) दोनों निविदा एक बड़े लिफ़ाफ़े में मुहरबंद होगा जिस पर वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये पुस्तकालय के पुस्तक एवं जर्नल की आपूर्ति हेतु निविदा बड़े–बड़े एवं स्पष्ट अक्षरों में टंकित होना चाहिए।
3. निविदा की अंतिम तिथि के दूसरे दिन अपराह्न 12:30बजे दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता या उनके प्रतिनिधि प्राधिकार पत्र एवं व्यक्तिगत पहचान पत्र के साथ उपस्थित रह सकते हैं।
4. निविदादाता को अग्रधन राशि के रूप में रुपये 1,00,000/– (एक लाख रुपया मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट, जो प्राचार्य, राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा के पदनाम से देय होगा, को जमा करना होगा। अनुमोदित निविदादाता का अग्रधन राशि दर अनुमोदन के पश्चात जमानत राशि के रूप में जमा रहेगा तथा अन्य निविदादाता की अग्रधन राशि वापस कर दी जाएगी।
5. निविदा की स्वीकृति या अस्वीकृति के लिये क्रय समिति का निर्णय अंतिम होगा। क्रय समिति को बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार होगा। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा नालंदा स्थित न्यायालय अथवा पटना न्यायालय में होगा। दी गई शर्तों में किसी शर्त को पूर्ण न करने की स्थिति में निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी।
6. Federation of Publisher's and Booksellers Associations of Indiaका सदस्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। उक्त प्रमाण पत्र नहीं रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा प्रथम दृष्ट्या रद्द कर दी जाएगी।
7. सफल निविदाकर्ता से इकरारनामा लिया जाएगा।
8. मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नल का मूल्य Subscriptionदर से अधिक नहीं होना चाहिए। आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति की गई पुस्तकों एवं जर्नल का प्रकाशन दर (संबंधित कंपनी) विपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. F.O.R केन्द्रीय पुस्तकालय, राजकीय दंत महाविद्यालय पैठना, रहुई, नालंदा में होगा। इसके लिये अलग से कोई राशि देय नहीं होगी।
10. विदेशी प्रकाशन में मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नलों का भारतीय मुद्रा में परिवर्तित दर निविदा प्रकाशन में देना होगा।

PR- 013960 (Health) 2026-27

प्राचार्य,
राजकीय दंत महाविद्यालय
पैठना, रहुई, नालंदा

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

कार्यालय का नाम- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बाढ़

निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)
मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से 70.00 लाख तक की राशि के कार्यो के लिए (डबल बीड पद्धति)
निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
NIT No- 12/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बाढ़।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक– 21/10/2026
3. संवेदक द्वारा निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि – दिनांक– 07/11/2026 को समय –11:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान – दिनांक– 09/11/2026 को समय –11:00 से 14:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न, कार्यपालक पदाधिकारी कक्ष, नगर परिषद बाढ़।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि – दिनांक– 18/11/2026 समय– 17:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि – दिनांक– 19/11/2026 समय– 11:00 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि – तकनीकी बीड में सफल होने के उपरांत
8. कार्य की विवरणी–

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं.– 03 में बाजितपुर कमरू मियां के घर एवं महावीर मिस्त्री खुर्शीद आलम कैलाश प्रसाद के घर से रिजवान अहमद के घर होते हुए भवानी चौक तक रोड एवं नाला निर्माण कार्य।	6853756	137100	10000	As Per Self-Generated	03 माह
2	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 03 में शर्मा सर के घर से उमेश ठाकुर एवं युसुफ मियां के घर होते हुए दिलीप रजक के घर होते हुए कलीम मियां , नसीम मियां के घर होते हुए मेन रोड इसराईल मियां के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4232846	84700	5000	As Per Self-Generated	03 माह
3	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 10 में बांध रोड से निरंजन जी , रामप्रवेश जी के घर होते हुए कब्रिस्तान चाहारदिवरी तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	4502576	93800	5000	As Per Self-Generated	03 माह
4	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 10 में बांध रोड पोस्ट ऑफिस के बगल से अरूण कुमार चन्द्रवशी , अशोक महतो ,टुनटुन जी , धनु यादव के घर होते हुए मसुद बिगहा मेन रोड सोनल के घर तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य ।	5252385	105100	10000	As Per Self-Generated	03 माह
5	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 15 में सत्यनारायण शर्मा के घर से रकेश विश्वकर्मा के घर तक एवं जयराम कुमार के घर से अजय पंडित के घर तक एवं चन्दन पंडित के घर से कारू चौधरी के घर तक एवं श्रवण पासवान के घर से अजय पंडित के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4198553	84000	5000	As Per Self-Generated	03 माह
6	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 16 में पिन्टु साव से शंम्भु ठठेरा, बब्लु जी के घर होते हुए उमानाथ रोड तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4686482	93800	5000	As Per Self-Generated	03 माह
7	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 20 में मनोज कुमार (पोनी जी) के घर से पहलवान जी के घर होते हुए भाया शिशु ज्ञान स्कूल होते हुए प्रदिप के घर तक नाला निर्माण कार्य।	3567370	71400	5000	As Per Self-Generated	03 माह
8	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 24 में ढ़ेलवागोसाई मेन रोड से दुर्गा शर्मा , सहदेव तांती , सरजु मिस्त्री , सतीश शर्मा, राजो रवीदास तक एवं संजीत शर्मा के घर से बाबुलाल मिस्त्री भाया अनिल शर्मा के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4771684	95100	5000	As Per Self-Generated	03 माह
9	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 26 में कांती तांती से जीओ पार्क रोड भाया सुनिल जी से पप्पु सिंह भाया हैपी मैरेज हॉल बाजीदपुर रोड से सुनिल देवी भाया गार्डेन मैरेज हॉल दयाचक मोड मुख्य सड़क तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	5647362	113000	10000	As Per Self-Generated	03 माह
10	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 25 में धर्मेन्द्र कुमार के घर से ननु मियां के बोरिंग होते हुए अमृत पासवान के घर होते हुए श्याम यादव के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	4801881	96100	5000	As Per Self-Generated	03 माह
11	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 05 में कुन्दन जी , अवधेश जी ,छोटे सिंह , अशोक सिंह, विभिसन जी एव नवीन सिंह के घर होते हुए विक्की के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य ।	5185245	103800	10000	As Per Self-Generated	03 माह
12	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं. 1 में अलखनाथ रोड से अरूण कुमार अशोक कुमार , कौशल जी के घर होते हुए डॉ मदन मोहन के क्लिनीक एन. एच – 31 तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	6458015	129200	10000	As Per Self-Generated	03 माह
13	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 18 में अनिल जी के जमीन से अरूण मास्टर साहब के घर होते हुए दयानन्द , मो0 सलाउद्दिन , रिकु जी के घर होते हुए समुदायीक भवन तक पेभर ब्लॉक एवं नाला निर्माण कार्य।	5566682	111400	10000	As Per Self-Generated	03 माह
14	नगर परिषद बाढ़ अन्तर्गत वार्ड सं– 18 में गैस गोदाम रोड से गांधी मिस्त्री भाया मन्टु सिंह , जयप्रकाश नारायण तक पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण कार्य।	5062047	101300	10000	As Per Self-Generated	03 माह

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

9. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar मे देखा जा सकता है।

PR. No. 014091 (B&C) 2026-27

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् बाढ़

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरुष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।